# न्यूज 12 भारत

सच्ची बात

डिजिटल मीडिया

Website : www.news12bharat.com

संस्करण : धनबाद | शुक्रवार 3 मई 2024 | Reg. DL 020009956 | E-mail : www.news12bharat@gmail.com | पृष्ठ : 2 | मूल्य : 3 रुपया


# जल संरक्षण को प्राथमिकता देकर महाअभियान चलाए सरकार : पूर्व जिला अध्यक्ष

**▸ प्रत्येक घरों में सोखता बने और जलाशयों नदी नालों कुओं को अतिक्रमण मुक्त कराए सरकार।**

**बिहार औरंगाबाद से धर्मेन्द्र गुप्ता**



भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पूर्व लोकसभा प्रत्यासी कृष्ण बल्लभ प्रसाद सिंह बबुआजी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पूर्व जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष रामानुज पाण्डेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर केंद्र एवं राज्य सरकार से दिनों दिन गिरते भूगर्भ जल स्तर को लेकर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि सरकार जल संकट पर अविलंब ध्यान दे एवं जल संकट से उबरने के लिए एवं लगातार गिरते जल संकट स्तर को बचाने के लिए योजना तैयार करें

दोनों पूर्व जिलाध्यक्षों ने सुझाव देते हुए कहा है की बदलते औद्योगिक ,व्यावसायिक और कृषि कार्य का विद्युतीकरण के बाद देश और राज्य के अंदर भूमि से बेतहाशा जल का दोहन किया जा रहा है और अपव्यय भी किया जा रहा है। पृथ्वी से जल का आवश्यकता अनुसार दोहन तो ठीक है लेकिन उसे उपयोग में आने के बाद उस जल को जिस तरह से नालियों में बहा दिया जाता है जो की पुनः पृथ्वी के अंदर नहीं जा पाता है और दूसरे तरफ देशभर में और खास कर बिहार में जितने जलाशय, तालाब ,आहार और पोखर थे जिस प्रकार से उनका अतिक्रमण कर लिया गया है जिसमे वर्षा का जल संचय होता था और जिससे भूगर्भ जल स्तर बना रहता था आज ऐसी परिस्थितियों के कारण जल संकट गहराता चला जा रहा है।

जहां नगरों में पहले 40 से 60 फीट पर और गांव में पहले 15 से 20 फीट पर पानी मिल जाता था आज परिस्थिति यह हो गई है कि कई नगरों में 400 से लेकर 1000 फीट तक बोर करने के बाद भी पानी नहीं मिल रहे हैं यदि यह स्थिति रही तो जिस प्रकार से आज प्रतिदिन सभी नगरों में और गांव में बोरिंग हो रहे हैं और जल नहीं मिल रहा है

उस स्थिति में लोगों के लिए पानी के अभाव में जीना मुश्किल हो जाएगा सरकार की एक योजना हर घर नल योजना लोगों को पेयजल घर तक पहुंचाने की योजना अपने आप में एक जन सुविधा से जुड़ी हुई अच्छी योजना कहीं जा सकती है लेकिन प्रायः देखने को मिल रहा है कि खराब गुणवता के पाइप एवं सामाग्री लगाए जाने के कारण और देखरेख के अभाव में जल की बर्बादी ज्यादा हो रही है।

जिस प्रकार से सरकार ने स्वच्छता को राष्ट्रीय मुद्दा बनाकर प्रत्येक घर में शौचालय बनाने के लिए अनुदान देने का काम किया आज आवश्यकता है कि प्रत्येक घरों में जल संरक्षण के लिए वाटर हार्वेस्टिंग यानी सोख्ता का निर्माण आवश्यक रूप से कराए लोगो को प्रोत्साहन राशि दे

ताकि प्रत्येक घर में उपयोग होने के बाद जल उसी घर के अंदर जमीन के अंदर उसका पुनः संग्रहण हो जाए और जितने भी देश और राज्य में जो तालाब आहार पोखर नाला नदी का अतिक्रमण किया गया है उसे तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराकर चाहे उस अतिक्रमण पर व्यक्तिगत लोगों का कब्जा हो या सार्वजनिक रूप से कोई निर्माण किया गया हो उन सारे निर्माण को हटाकर के पुनः उसे उसके स्वरूप में सफाई कर और उसमें जल संरक्षण का कार्य का प्रोत्साहन किया जाना आवश्यक है. यदि ऐसा नहीं किया गया तो आने वाले दो चार सालों के अंदर जिस प्रकार से देश के अंदर जल की बर्बादी हो रही है और दूसरे तरफ तापमान बढ़ रहा है उस परिस्थितियों में लग रहा है कि आने वाले दिनों में लोगों को पेयजल भी नहीं मिलेगा

शेष पेज -3 पर

## एक नजर

### एसीसी सिंदरी में मनाया गया मजदुर दिवस



(न्यूज12 भारत)

सिंदरी: अंतर्राष्ट्रीय मई दिवस के अवसर पर "सीमेंट फैक्ट्री वर्कर्स यूनियन, सिंदरी " के द्वारा एसीसी सिंदरी में मजदुर दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम यूनियन का झंडा महामंत्री जयराम सिंह ने फहराया एवं शिकागो के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए 1 मिनट का मौन धारण किया गया। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश कुमार पाण्डेय उपाध्यक्ष अजय पाण्डेय कोषाध्यक्ष दीपक कुमार वर्मा राजेंद्र प्रसाद, मनोज पोद्दार, विष्णु देव तांती, अनिल विश्वकर्मा साथ ही प्लांट मैनेजर एलएमकेवी श्रीनिवास एचआर हेड अंब्रीन इकबाल प्रोडक्शन हेड कुमुद सिन्हा उपस्थित हुए। कार्यक्रम के अंत में गगन भेदी नारों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### लोकसभा चुनाव के लिए 3 उम्मीदवारों ने किया नामांकन



(न्यूज12 भारत)

धनबाद : लोकसभा चुनाव के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के समक्ष आज 3 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। आज पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के दीपक कुमार दास, मार्क्सवादी समन्वय समिति के जगदीश रवानी तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अनुपमा सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला व अन्य लोग मौजूद थे।

### नौकरानी ने मिलकर रेलकर्मी की हत्या पुलिस ने किया खुलासा



(न्यूज12 भारत)

गया ।सिविल लाइन थाना क्षेत्र के इंस्पेक्टर कॉलोनी में रेलकर्मी संजय की हत्या मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है इस मामले में एसएसपी आशिष भारती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया की रेल कर्मी हत्या मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें एक महिला रानी कुमारी शामिल हैं महिला रेल कर्मी के यहा नौकरानी का काम करती थी और अपने पति और एक सहयोगी के साथ मिलकर हत्या किया है ।और साक्ष्य को छिपाने के लिए लाश को कबल में लपेट कर उनके सरकारी आवास के पानी वाले हौज में डालकर उस पर नमक डालकर शव छिपाया गया था। हालांकि हत्या किस कारण से की गई इसके कारण पुलिस द्वारा नहीं बताया गया है!

# अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ सहदेब बाउरी बने जीबीएम कॉलेज के प्रोफेसर इन्चार्ज

(न्यूज12 भारत)

गया। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग के असोसिएट प्रोफेसर-सह-अध्यक्ष डॉ सहदेब बाउरी को मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा दिनांक 30 अप्रैल, 2024 को जारी की गयी अधिसूचना के आधार पर कॉलेज के प्रोफेसर इन्चार्ज के रूप में कार्यभार संभालने के लिए अधिकृत किया गया है। प्रधानाचार्य प्रो (डॉ) जावेद अशरफ़ की विगत 30 अप्रैल को हुई सेवानिवृत्ति के उपरांत डॉ सहदेब बाउरी को प्रोफेसर इन्चार्ज बनाये जाने पर कॉलेज के शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मियों ने हार्दिक शुभकामनाएं दीं है। प्रधानाचार्य कक्ष में कॉलेज के प्रोफेसर्स डॉ अफ़शाँ सुरैया, डॉ नूतन कुमारी, डॉ शगुफ़्ता अंसारी, डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, डॉ



जया चौधरी, डॉ पूजा, डॉ अमृता कुमारी घोष, डॉ पूजा राय, डॉ प्रियंका कुमारी, प्रीति शेखर, डॉ रुखसाना परवीन, डॉ अनामिका कुमारी, डॉ कृति सिंह आनंद, डॉ प्यारे माँझी, डॉ सुरबाला कृष्णा, डॉ सुनीता कुमारी ने प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ सहदेब बाउरी का स्वागत पुष्प गुच्छ प्रदान करके किया है। सभी ने डॉ बाउरी के नेतृत्व में कॉलेज के कुशल संचालन एवं समग्र विकास हेतु आशा जतायी। वहीं डॉ सहदेब बाउरी ने कॉलेज के शैक्षणिक तथा प्रशासनिक क्षेत्रों में प्रगति हेतु सभी सहकर्मियों से निष्ठा, पारस्परिक सहयोग एवं कॉलेज प्रबंधन के प्रति समर्पण भाव रखकर कार्य करते रहने के लिए अनुरोध किया है। कहा कि बतौर प्रभारी प्रधानाचार्य वे महाविद्यालय की पूर्व गरिमा को यथावत बनाये रखने के लिए कृतसंकल्प हैं, और कॉलेज में अनुशासन बनाये रखने की हर संभव कोशिश करेंगे।

शेष पेज -3 पर

### दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में महिला सामाजिक कार्यकर्ता ने जदयू की सदस्यता ली



(न्यूज12 भारत)

तोपचांची-- तोपचांची रोड़ श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में जदयू पार्टी का मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। इस दौरान टुंडी विधानसभा क्षेत्र के उदलबनी निवासी महिला सामाजिक कार्यकर्ता सीमा देवी ने जदयू के सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार और खीरु महतो में आस्था व्यक्त करते हुए दीप नारायण सिंह की उपस्थित में जदयू पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने पार्टी में शामिल होने वाली सीमा देवी को सदस्यता रसीद दे कर पार्टी में शामिल किया और बधाई दी ।

इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि टुंडी विधानसभा में लगातार सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जदयू पार्टी से जुड़ रहे हैं। गांव - गरीब, मजदूर - किसान के साथ - साथ महिलाओं की आस्था पार्टी में बढ़ी है। परिणाम स्वरूप पार्टी गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में मजबूत होती जा रही है। जिसका लाभ पार्टी को लोकसभा चुनाव में आने वाले दिनों में होगा।

### रामा शीश चौहान ने की शिव पूरी में अररिया लोक सभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार डॉ शत्रुध्न मंडल के पक्ष मे मतदान करने की अपील



(न्यूज12 भारत)

अररिया: शिव पूरी मे अररिया लोक सभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार डॉ शत्रुध्न मंडल के पक्ष मे मत दान की अपील करते हुए वंचित मुक्ति मोर्चा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड प्रभारी रामा शीश चौहान ने कहा आज देश मे आरक्षण को बचाना है तो बीजेपी पार्टी के उम्मीदवार को हरा ना ही होगा। हमारे वोट पर दस वर्षो से देश मे सरकार चाला रही है और हमारे बच्चों के भविष्य के साथ खेल वाद कर रहे है। "यह तो वही बात हो गई है, जब भाष मा सुर शिव शंकर जी का आरा धन कर के शंकर जी से वर् दान मांगे थे की मैं जिसके सर पर हाथ रख दूं, वह जल कर भाष म हो जाए । शंकर जी ने बिना सोचे सम झे , भाष मा सुर को आशीर्वाद दे दिए। जब भाष मा सुर ने शंकर भगवान पर ही परि योग करना चाह। तो लगा अपना प्राण बचाने के लिए भाग ने। वही समस्या आज देश मे वंचित समाज के बीच होने जा रहा है । मोदी जी के अच्छे दिन ल ने का सपना हमलोगों को दिखाया ।

### ग्रामीणों के भारी विरोध के बाद भी राम अवतार आउटसोर्सिंग कंपनी ने ओबी डंप किया



(न्यूज12 भारत)

लोयाबाद : ग्रामीणों के भारी विरोध के बाद भी राम अवतार आउटसोर्सिंग कंपनी ने ओबी डंप किया गौरतलब है कि करीब एक सप्ताह पहले रामअवतार आउटसोर्सिंग कंपनी लोयाबाद पांच नंवर स्थित खाली मैदान मे ओबी डंप करने गया था तो लोयाबाद पांच नंबर के ग्रामीणों ने भारी विरोध किया था जिसके बाद कंपनी के गाडी बिना ओबी डंप किए ही वापस लौट आए थे वही इस विषय पर यहां के ग्रामीणों का कहना है कि दस हजार के जनसंख्या के बीच एक मात्र मैदान है जहां बच्चे लोग खेलते है दुसरी बात कि यहां अगर ओबी डंप करेगा तो यहां के लोग प्रदूषण से बीमार हो सकते है उधर परियोजना पदाधिकारी नारायण प्रसाद का कहना है कि बीसीसील का जमीन है हर हाल मे ओबी डंप होगा इसी कारण गुरूवार को भारी पुलिस बल की मौजूदगी मे कंपनी ने उक्त स्थान पर ओबी डंप कर रही है ओबी डंप की सूचना मिलने पर ग्रामीण लोग विरोध करने कार्यस्थल पर पहुंचकर विरोध करने लगे लेकिन भारी पुलिस बल की मौजूदगी ने ग्रामीणों को खदेड दिया गया गुस्से मे ग्रामीणों ने पथराव किया लेकिन पुलिस ने सभी को खदेड दिया फिलहाल भारी पुलिस बल की मौजूदगी मे ओबी डंप हो रही है|

# आपदा के समय बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर बड़ा प्रभाव : डॉ. कुमार राका

(न्यूज12 भारत)

गया।दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय सीयूएसबी में आपदा जोखिम को कम करने और जलवायु परिवर्तन अनुकूलन में युवाओं को शामिल करने पर प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु आयोजित पांच-दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत चौथे दिन आपदा से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की गई है । जन सम्पर्क पदाधिकारी पीआरओ मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान एनआईडीएम)श और




सीयूएसबी के राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को आयोजित किया गया है।इस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. बुधेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि चौथे दिन के औपचारिक उद्घाटन के पश्चात प्रथम सत्र में एनआईडीएम का प्रतिनिधित्व कर रहे डॉ. कुमार राका ने आपदा के समय बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में प्रतिभागियों के साथ चर्चा की है। अपनी चर्चा की शुरुआत उन्होंने बच्चों के मानसिक विकास से शुरू की जिसमें उन्होंने कहा कि बच्चों का मानसिक विकास पांच वर्ष की उम्र तक 90% तक हो जाता है। इसके साथ उन्होंने ये भी बताया कि बच्चों में ट्रामा अधिक होने की वजह उनका परिस्थितियों से पहली बार सामना होना है। जब बच्चे नई परिस्थिति या नए समस्याओं से गुजरते हैं तो यह उनमें तनाव पैदा करता है जो आगे चल कर ट्रॉमा में परिवर्तित हो सकता है। डॉ. राका ने बताया कि तनाव हमेशा नकारात्मक नहीं होता है तनाव का एक सकारात्मक रूप भी होता है पर अगर इस तनाव को भी समय रहते नहीं खत्म किया गया तो यह भी आगे चल कर समस्या उत्पन्न कर सकता है। उन्होंने तनाव के तीन स्तर, बुनियादी तनाव, संचयी तनाव और बर्न आउट तनाव बताए। उन्होंने बर्न आउट तनाव स्तर को खतरनाक बताया और बताया कि इस स्तर में लोगों में आत्महत्या की भावना सबसे प्रबल होती है।

शेष पेज -3 पर

### शिक्षा मंत्री के नामांकन में गया वासी



(न्यूज12 भारत)

गया। उड़ीसा के जननायक और गरिबो के मसिहा भारत सरकार लोकप्रिय नेता धमेंद्र प्रधान के नामांकन आज गुरुवार को हुआ, जिसमें गया जी भगवान विष्णु नगरी भगवान विष्णु चरण एवं मा मंगला का आशिर्वाद लेकर उडीसा गये किडजी निदेशक सह समाजसेवी हरी प्रपन्ना एवं श्रवण शाणिडल्य ने जाकर दिए और नामांकन भारी संख्या में लोगों को हुजुम देखकर लोगों के चेहरों पर खुशी जाहिर की है, भगवान जगन्नाथ की कृपा से धमेंद्र प्रधान भारी मतो से विजय हासिल करेगे यह कहना हरी प्रपन्ना एवं श्रवण शाणिडल्य ने कहा।

# तनिष्क की पेशकश 'ग्लैमडेज़' रोज़ाना पहनने के आधुनिक आभूषणों की रेन्ज

(न्यूज़12 भारत)

धनबाद : अक्षय तृतीया का पवित्र पर्व मज़दीक आ रहा है। इस अवसर पर भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा समूह का हिस्सा, तनिष्क ने प्रस्तुत की है रोजाना पहनने के आधुनिक आभूषणों की शानदार और बहु उपयोगी रेन्ज ग्लैमडेल, जिसे दुनिया भर के डिज़ाइन्स से प्रेरित होकर बनाया गया है। शान और आधुनिक फैशन की खूबसूरती को साथ मिल्यकर बनाए गए ग्लैमडेज़



के आभूषण आपकी रोजाना स्टाइल को और भी बढ़ाएंगे और हर महिला के वार्डरोब में एक बहुमूल्य एडिसन बनेंगे। अपनी इस नयी श्रेणी के साथ तनिष्क अपने सभी स्टोर्स में स्टाइलिंग सेशन्स का आयोजन करेगा। उपभोक्ताओं की व्यक्तिगत स्टाइल और व्यक्तित्व के अनुरुप सबसे बेहतरीन, रोजाना पहनने के आभूषण चुन पाने में उपभोक्ताओं की मदद के लिए विशेषज्ञों की सलाह और मार्गदर्शन के साथ वैयक्तिकृत अनुभव उपभोक्ताओं को प्रदान करने के लिए इन स्टाइलिंग सेशन्स को डिज़ाइन किया गया है। इसमें 10000 से ज्यादा अनोखे डिज़ाइन्स को शामिल किया गया है। हर दिन एक शानदार नया लूक बनाकर आप और आपके आभूषण #Make EverydaySparkle कर सकती हैं। वैश्विक स्तर के कई अलग-अलग डिज़ाइन्स से प्रेरित होकर बनाए गए ग्लैमडेज में हर दिन की सुंदरता को रोज़ाना पहनने के स्टाइलिश फिर भी बहु उपयोगी आभूषणों के साथ परिभाषित किया गया है। हर दिन सुबह से लेकर रात तक आप इन आभूषणों को बहुत ही आसानी से पहन सकती हो। नाजुक खूबसूरती को दर्शाते हुए फ्लोरल पेंडंट, बोल्ड फिर भी रिफाइंड गोल्ड हूप्स, हर दौर में सभी की पसंद इन्फिनिटी रिंग्स या खूबसूरत गोल्ड ब्रेसलेट हो, ग्लैमडेज में सोने और हीरों से बने रोजाना पहनने के आभूषणों की आधुनिक रेन्ज शामिल है। दिन भर के सोफिस्टिकेशन को शाम के ग्लैमर में बहुत ही आसानी से बदलने का जादू इन आभूषणों में है। हर दिन एक नया, खूबसूरत लूक बनाया जा सके इसके लिए कई अलग-अलग स्टाइल्स को इसमें शामिल किया गया है। अपने उपभोक्ताओं की खुशियों को और भी सुनहरा करने के लिए तनिष्क में सोने के आभूषणों के मेकिंग चार्जेस और डायमंड ज्वेलरी के मूल्य पर 20% तक की छूट दी है। साथ ही तनिष्क में 'गोल्ड एक्सचेंज प्रोग्राम' का भी लाभ उठाया जा सकता है, जिसमें भारत के किसी भी ज्वेलर से खरीदे हुए पुराने सोने पर 100% एक्सचेंज मूल्य दिया जाता है। शेष पेज - 3 पर

# झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटि की अग्रणी मोर्चा संगठन की बैठक प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में सम्पन्न

(न्यूज़12 भारत)

रांची : लोकसभा चुनाव की समीक्षा के क्रम में कांग्रेस मुख्यालय में अग्रणी मोर्चा संगठन की बैठक प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई।
बैठक में संगठनवार चुनावी अभियान,बूथों की स्थिति, बी एल ए की नियुक्ति की स्थिति,गारंटी कार्ड के वितरण की स्थिति की समीक्षा की गई।
श्री ठाकुर ने सभी को निर्देश देते हुए कहा कि झारखंड के प्रथम चरण का चुनाव अत्यंत नजदीक है और हमें चुनावी अभियान को और गति देने की आवश्यकता है। झारखंड




में चुनावी आगाज तीन अनुसूचित जनजाति और एक अनुसूचित जाति लोकसभा क्षेत्र में मतदान से होने जा रहा है और मोदी सरकार के 10 वर्षों के शासनकाल में समाज का यही तबका सबसे ज्यादा प्रभावित रहा है।इसके सामाजिक और आर्थिक उद्यान उत्थान के लिए मोदी सरकार द्वारा एक दशक के शासनकाल में कोई उल्लेखनीय प्रयास नहीं किया गया, हमें इनके बीच सारे तथ्यों को सामने रखकर मोदी की नीतियों की सच्चाई बतानी होगी,साथ यह भी बताना होगा कि उनके सामाजिक उत्थान के लिए हमारी महागठबंधन सरकार ने सरना धर्म कोड का बिल सदन से पारित कराकर केंद्र सरकार को भेजा है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी उसे बिल को लंबे समय से लटकाये हुए हैं।केंद्र सरकार ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में वन भूमि की जमीनों को पूंजीपति घरानों को देने का काम किया है जिस पर स्वाभाविक तौर पर पहला हक आदिवासी समुदाय का होता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी पूर्व की रघुवर सरकार ने विकास करने के नाम पर आदिवासी,पिछड़ों,किसानों के साथ छल ही किया है। रोजगार देने के नाम पर पूरी तरह से जीरो अंक पाने वाली केंद्र सरकार के नक्शे कदम पर चल कर पूर्व की झारखंड भाजपा सरकार ने अपने आका की वाहवाही लूटने का काम किया था। बैठक में मुख्य रूप से नेली नाथन, गुंजन सिंह, अमीर हासमी, केदार पासवान, अभिलाभा साहु, जोसाई मार्डी, अमरेन्द्र सिंह, भानू प्रताप बड़ाई, सुनीत शर्मा, हृदयानंद यादव, कौशल किशोर आदि शामिल थे।

# जिले में टॉप टेन में परचम लहरा चुके एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय के बच्चों का स्वागत

(न्यूज़12 भारत)

गम्हरिया। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की इंटर परीक्षा में जिले में टॉप टेन में परचम लहरा चुके एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं का विद्यालय में स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मिठाई लाल यादव ने बच्चों को विद्यालय की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर एवं मिठाई खिलाकर उनके मंगल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि संसाधन की बेहद कमी के बावजूद बच्चों ने साइंस एवं आर्ट्स में जिले में टॉप टेन में परचम लहराया है, यह इस विद्यालय के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बच्चों को इसी प्रकार संघर्ष से अपना लक्ष्य हासिल करते




गुरुवार को विद्यालय में टॉप टेन बच्चों का स्वागत करते प्रधानाचार्य

हुए आगे बढ़ने की अपील की। इस अवसर पर जिले में साइंस संकाय में छात्रा आशामणि महतो जिला टॉपर बनी है। इसी विद्यालय की खुशी स्वर्णकार दूसरी टॉपर, जबकि तीसरी टॉपर वर्षा नंदी रही है। इस विद्यालय की सुप्रिया महतो ने भी 427 अंक लाकर जिले में टॉप टेन में अपना स्थान बना ली है। इसी प्रकार आर्ट्स में तीसरे स्थान पर छात्रा तृप्ति दास रही है उसे 434 अंक प्राप्त हुए हैं। जबकि 419 अंक लाकर नीतू दास जिले टॉप फोर में अपना स्थान कायम कर ली है। बताया गया कि इस वर्ष विद्यालय का शत प्रतिशत रिजल्ट रहने से अभिभावकों एवं शिक्षकों में खुशी व्याप्त है।

## लोदना एरिया क्षेत्र के एमओसीपी कॉलोनी के ब्लॉक नंबर 13 में छत का ऊपरी छज्जा गिरने से कई लोग बाल बाल बचे



(न्यूज़12 भारत)

तिसरा। लोदना एरिया क्षेत्र के एमओसीपी कॉलोनी के ब्लॉक नंबर 13 में छत का ऊपरी छज्जा गिरने से कई लोग बाल बाल बच गए कॉलोनी में रहने वाले लोगों में आक्रोश भाजपा नेता श्री राम गोराई ने प्रबंधन पर आरोप लगाया है कहा कि प्रबंधन गंभीर नहीं है कभी भी कोई बड़ी हादसा हो सकती है। इस संबंध में सुरक्षा को लेकर परियोजना पदाधिकारी से मिलेंगे। शेष पेज - 3 पर

# समर्पण एक नेक पहल संस्था ने महिला के ऑपरेशन के लिए उपलब्ध कराया रक्त

(न्यूज़12 भारत)

सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल जो लगातार ज़न कल्याण के कार्य पिछले चार वर्षो से करते चले आ रही हैं प्रत्येक दिन दर्जनों जरूरतमंद मरीजो को रक्त उपलब्ध करा रही हैं और निःस्वार्थ रूप से देश हित में अपने कर्तव्यों का वहन करते चले आ रही हैं इस संस्था के माध्यम से आज फिर एक बार एक महिला के ऑपरेशन के लिए संस्था ने रक्त उपलब्ध कराया।
कतरास श्री कृष्णा मातृ




सदन में ईलाजरत 35 वर्षीय महिला के ऑपरेशन के लिए डॉक्टर ने पहले एबी पॉजिटिव रक्त व्यवस्था करने की बात मरीज के परिजन से कहा, घर वालों में से किसी का रक्त समुह मरीज के रक्त समुह से मेल नहीं खाने के वजह से बहुत परेशान हो गए थे साथ ही इस भीषण गर्मी की वजह से कोई जल्दी रक्तदान करने को तैयार नहीं होता जिससे ब्लड बैंक भी गर्मी के दिनों में खाली हो जाता है इन सभी कठिनाईयों के देखते हुए मरीज के परिजन ने समर्पण एक नेक पहल संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान से संपर्क कर सहायता प्रदान करने का आग्रह किया इसके कुछ ही देर बाद श्री चौहान ने श्रीनिवास ब्लड सेंटर धनबाद प्रबंधक से बात कर मरीज के लिए तत्काल एक यूनिट एबी पॉजिटिव रक्त प्रदान करने का अनुरोध किया जिसे स्वीकारते हुए सभी काग़ज़ी प्रक्रियाओं को पूरा कर ब्लड सेंटर द्वारा मरीज के लिए रक्त प्रदान कर दी गई।

## लॉर्ड गौतम बुद्धा ट्रस्ट ने राजधानी रांची के कोकर क्षेत्र में जरूरतमंद लोगो के बीच निःशुल्क वस्त्र वितरण किया






(न्यूज़12 भारत)

रांची : लॉर्ड गौतम बुद्धा ट्रस्ट, कोकर एवं भारत विकास परिषद के रांची मध्य एवं महानगर शाखा के तत्वाधान में नि: शुल्क वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन बुद्ध साइंस एंड टेक्निकल इंस्टिट्यूट चुना भट्टा, कोकर में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बुद्ध ट्रस्ट के वित्तीय सचिव सुप्रिया भारती ने सरस्वती वंदना से किया। उसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया एवं स्वामी विवेकानंद और भारत माता के चित्र परपुष्प अर्पित किया गया।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरविंद नाथ ने कहा कि ऐसा कार्यक्रम प्रत्येक माह होना चाहिए। विशिष्ट तिथि के तौर पर शशि भूषण पांडे जी ने कहा कि संस्था के द्वारा ऐसे कार्य से समाज के लोग लाभान्वित होते हैं। जी.पी. सिंह जी ने कहा कि भारत विकास परिषद समाज के समृद्ध और बुद्धिजीवी लोगों का समूह है। इसके प्रत्येक सदस्य समाज के प्रति समर्पित हैं और आर्थिक पिछड़े परिवारों के लिए निरंतर कार्य करते रहते हैं। ट्रस्ट के संस्थापक भारत भूषण ने कहा कि ईश्वर ने जो जीवन दिया है इसे सार्थक करने का समय सबके पास है। समाज के प्रति अपने दायित्व को समझें और आगे आकर कार्य करें। जीवन में शांति चाहते हैं तो लोगों की सहायता करें। आपका जीवन खुद व खुद सुखमय और खुशहाल हो जाएगा।
लॉर्ड गौतम बुद्धा ट्रस्ट की टीम ने चूना भट्टा, कोकर से आर्थिक पिछड़े बच्चों का चयन किया एवं चयन के पश्चात बुद्धा ट्रस्ट के नि:शुल्क प्रशिक्षण केंद्र में बुलाकर उन लोगों का नाप लिया गया।

# पक्षियों को पानी पिलाने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, यूनिट ने लगाए सकोरे

बेरमो से राजेश मिश्रा

बेरमो/ दिनांक 02 मई, 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के यूनिट एक ने कॉलेज कैंपस के पक्षियों को भीषण गर्मी से निजात दिलवाने हेतु प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार के नेतृत्व में एन एस एस स्वयंसेवकों ने पक्षियों की प्यास बुझाने हेतु







मिट्टी के सकोरे, जलहरी लगाए। प्यास बुझाने के साथ साथ एक एक मुट्ठी अन्न के दाने भी प्रत्येक सकोरे के पास चुगने हेतु डाला। एक दर्जन सकोरे कॉलेज कैम्पस के अंदर भिन्न भिन्न स्थानों पर रखे गए। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा बढ़ती गर्मी से निजात दिलवाने हेतु हर एक व्यक्ति को पशु पक्षियों की देखरेख करने की आवश्यकता है। जंतु शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अरुण कुमार रॉय महतो ने कहा गर्मियों में जीव जंतुओं की रक्षा का संकल्प हमें मानवतावाद की ओर ले जाता है।

शेष पेज - 3 पर

## कुइयां में बिहार कोलियरी कामगार यूनियन की ओर से फहराया गया झंडा



(न्यूज़12 भारत)

तिसरा। दुनिया के मजदूर एक हो, कमाने वाला खाएगा, लूटने वाला जाएगा, नया जमाना आएगा, शिकागो के अमर शहीदों को लाल सलाम आदि तारों के साथ नॉर्थ तीसरा, कुइयां में बिहार कोलियरी कामगार यूनियन की ओर से झंडा फहराया गया। यहां भगवान दास पासवान सचिव मनोज कुमार पासवान ने झंडा फहराया, गोलकडीह लोडिंग पॉइंट पर मासस के जिला अध्यक्ष विदां पासवान की ओर से झंडा फहराया गया कुइया में पहलाद महतो ने झंडा फहराया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आज ही के दिन 1886 में अमेरिका के शिकागो शहर में हजारों लोग शहीद हुए उनके खून से ही लाल झंडा का निर्माण हुआ। वहां मजदूरों से 15 से 20 घंटा काम कराया जाता था मजदूरों ने अपनी कुर्बानी देकर इस ऐतिहासिक फैसला की जीत दिलाई उसके बाद ही पूरे दुनिया में काम के अधिकार 8 घंटा लागू हुआ।

# हज यात्रियों के लिए एयरपोर्ट बाहरी स्थलों पर सभी व्यवस्थाएं हो - जिलाधिकारी

(न्यूज़12 भारत)

गया। हज यात्रा 2024 के सफल आयोजन के उद्देश्य से आज गया अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा के बाहरी परिसर का निरीक्षण ज़िला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा किया गया है। हज यात्रा शुरुआत दिनांक 26 मई से 01 जून 2024 तक संभावित है, जिसमे गया अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा से जिले के लगभग 1083 आजमीने हज जेद्दाह के लिए रवाना होंगे। जिसमें लगभग सभी औसतम 60 से 70 वर्ष आयुवर्ग के हैं। ऐरपोर्टपर पर मुख्य रूप से जर्मन हैंगर पंडाल का निर्माण, आवासन की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, टॉयलेट की ववस्तग, वजूखाना की ववस्तग, नमाज पढ़ने की व्यवस्था, फायर सेफ्टी व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, में आई हेल्प यु, चिकित्सा



शिविर सहित अन्य प्रकार के किये जाने वाले व्यवस्थाओं का स्थल निरीक्षण किया गया है। डीएम ने अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी श्री राहुल कुमार को निर्देश दिया कि जिस प्रकार पिछले वर्ष हज को लेकर तैयारियां की गई थी उसी प्रकार इस वर्ष सभी प्रकार की मुकम्मल तैयारी करवाना सुनिश्चित करें। जिला पदाधिकारी ने सर्वप्रथम एयरपोर्ट पर बने कम्युनिटी हॉल का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि इस भवन में कंटीन्जेंसीज के रूप में प्रयोग किया जाएगा ताकि मई के अंत में एवं जून माह के प्रथम सप्ताह प्रचंड गर्मी की पूरी संभावना है। हज यात्रियों ज्यादातर बुजुर्ग होते हैं। उन्हें हीट वेव से बचाव तथा अन्य प्रकार की सहायता के लिए उन्हें इस कम्युनिटी हॉल में ठहराया जा सके। इस भवन में पर्याप्त संख्या में एयर कंडीशन लगे हुए हैं। इसके अलावा अतिरिक्त वाटर कूलर भी लगवानी को निर्देश दिया है। इस कम्युनिटी हॉल में मेडिकल टीम की भी प्रतिनियुक्त की जायेगी साथ ही पर्याप्त बेड भी रखें जाएंगे। इसके पश्चात एयरपोर्ट के बाहरी परिसर में 260 हज यात्रियों के आवासन क्षमता हेतु बनाए जाने वाले जर्मन हैंगर टेंट पंडाल में हवादार बनवाने या पंडाल के ऊपरी भाग में अजहॉस्ट लगवाने को कहा है, ताकि पंडाल में गर्मी बना न रहे। इसके बाद उन्होंने कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को निर्देश दिया कि पूर्व वर्ष की अपेक्षा में इस वर्ष भी एयरपोर्ट पर सभी टॉयलेट की मरम्मत ,दो चापाकल को चलंत अवस्था में चालू करवाने वाटर एटीएम रो मशीन इत्यादि सभी लगवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने कहा कि गया जिले के सुधा डेहरी से समन्वय स्थापित कर बड़े आकार का वॉटर टैंकर रखा जाएगा ताकि उक्त टैंकर में पानी ठंडा रहता है जिससे लोगों को ठंडा पानी मिल सकेगा। इस वर्ष ठंडा पेयजल की पूरी व्यवस्था रखने को निर्देश दिया है। साफ सफाई की समीक्षा में उन्होंने नगर परिषद बोधगया को निर्देश दिया की झाड़ियां की सफाई अभी से ही प्रारंभ कर दे ।इसके अलावा मच्छर की प्रकोप एवं अन्य प्रकार की कीटनाशक दावों का छिड़काव करें फॉकिंग करावे इसके अलावा एयरपोर्ट पर पर्याप्त संख्या में डस्टबिन भी रखना सुनिश्चित करें।
इस निरीक्षण के क्रम में निदेशक हवाई अड्डा, कमांडेंट सीआईएसफ, ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी सहित हज समिति गया के सम्मानित सदस्य उपस्थित थे।

# इंडी गठबंधन आदिवासी का हक भी एक विशेष वर्ग को देने की साजिश कर रहा है : धामी

- भारत आज मजबूत हाथों में है, मजबूर हाथों में नहीं
- एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ को रिकॉर्ड मतों से विजय बनाने की अपील

(न्यूज़12 भारत)





रांची : उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 2 मई को रांची से एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ के नामांकन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने मोरहाबादी मैदान स्थित में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देश की आजादी के बाद जिन्होंने शासन चलाने का काम किया उन्होंने कभी आदिवासी समाज की शोध नहीं ली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के हर वंचित वर्ग के विकास की चिंता की। विकास का बीड़ा उठाया। उत्थान के लिए काम किया एक ही समय में झारखंड और उत्तराखंड का गठन हुआ। यह हमारे लिए समानता की बात है। दोनों राज्यों की परिस्थितियों भी एक समान है। अटल बिहारी वाजपेई ने इन दोनों राज्यों का निर्माण किया था आदिवासी समाज में पैदा हुई द्रोपति मुर्मू आज देश की पहले महिला आदिवासी राष्ट्रपति है। पूर्व में संभव नहीं हो पता था। पहले एक खास वर्ग के लोगों का मनोनयन होता था। समाज के आदिवासी और वंचित लोगों को आज अवसर मिल रहा है। यह भारतीय जनता पार्टी एनडीए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में ही संभव है।

श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलीहातु जाकर उनको नमन कर इस माटी का तिलक करके देश के विकसित भारत का संकल्प लिया था। आदिवासी और वंचित समाज के लोगों को केंद्र में रखकर योजनाएं बनाई जा रही है। पहले योजनाएं कुछ लोगों के लिए ही बनाई जाती थी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज दुनिया भर में भारत का डंका बज रहा है। मान सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ रहा है। भारत अब मजबूत हाथों में है, मजबूर हाथों में नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए। कश्मीर में धारा 370 हटाया गया। सीएए लागू किया गया। तीन तलाक को खत्म किया गया। भगवान श्री राम के मंदिर का निर्माण भी भाजपा किधर इच्छा शक्ति कहीं परिणाम है। देवभूमि की अपनी एक प्रतिष्ठा है। देवभूमि का मूल स्वरूप किसी भी कीमत पर खराब नहीं होने देंगे। उसे बर्बाद नहीं होने देंगे। देवभूमि के अंदर समान नागरिक संहिता का कानून पारित हो गया है। वहां लैंड जिहाद के बड़े-बड़े मामले हुआ करते थे। लाखों एकड़ जमीन मुक्त कराई गयी है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में झारखंड के विकास के लिए भी कई काम किए गए हैं। बनारस-रांची कॉरिडोर के निर्माण का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि घोटालेबाज का गिरोह घमंडिया ग्रुप है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल में बंद है। उनपर कई केस चल रहे हैं। उन्होंने गरीबों के खून पसीने की गाढ़ी कमाई अपनी तिजोरी भरने का काम किया है। कांग्रेस सांसद धीरज साहू की तिजोरी से 353 करोड़ मिले थे। यह भ्रष्टाचार की प्रकाष्ठा हो गई है। लालू का परिवार भी भ्रष्टाचार के कई रिकॉर्ड तोड़ रहा है। पूरा परिवार इनका भ्रष्टाचार में लिप्त है। रांची लोकसभा क्षेत्र परिवारवाद का उदाहरण बनते जा रहा है। यहां के उम्मीदवार के पिता भी कांग्रेस सरकार में हुए कोयला घोटाले के अंग थे। उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था। इंडी गठबंधन आदिवासी का हक भी एक विशेष वर्ग को देने की साजिश कर रहा है।

**इस बार सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए जीत का परचम लहराएगा : अमर बाउरी**

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ का निर्माण एक वक्त पर ही हुआ और इसका पूरा श्रेय अटल बिहारी बाजपेयी को जाता है जिन्होंने क्षेत्र, संस्कृत, भाषा आदि के आधार पर वर्षों से लंबित आम लोगों की अलग राज्य की मांग के सपने को पूर्ण किया। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा एक ऐसी पार्टी थी जिसने झारखंड को ही बेचने का काम किया था। वहीं कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गारंटी दी है की 2024 में जब भाजपा की सरकार बनेगी तो पूरे देश में यूसीसी कानून लागू कर दिया जाएगा, तब से विरोधी पार्टियों में खलबली मच गई है। वही उत्तराखंड एकमात्र ऐसा राज्य है जो वर्तमान में यूसीसी कानून को अपने राज्य में लागू कर चुका है।

उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव के बाद तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली पार्टी समाप्त हो जाएगी। वहीं उन्होंने कहा कि उत्तरकाशी में जब मजदूर सुरंग में फंसे थे तो उत्तराखंड के मुख्यमंत्री कैंप कर मजदूरों को बचाने का प्रयास कर रहे थे। जबकि झारखंड की सरकार उत्तरकाशी में फंसे झारखंड के मजदूरों के लिए राशन तक नहीं भेज पाए थे।नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि झारखंड के गठबंधन वाली सरकार को जनता ने 5 वर्षों के लिए बहुमत दिया था लेकिन मात्र 4 वर्ष के अंदर ही उनके मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल चले ग। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास और उनके नेतृत्व से ही झारखंड आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ही भारत तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा। झारखंड सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। वही बालू, पहाड़, खनिज संपदा को बेच कर आदिवासियों का अपमान कर रही है। उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि इस बार सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए जीत का परचम लहराएगा। इसलिए सभी लोग अपना मत का उपयोग कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करें।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिना थके 18 घंटे से भी अधिक काम कर रहे हैं और अगले 10 साल का भविष्य अगर हमें संवारना है तो इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है।

**वर्तमान सरकार झारखंड को रसातल में भेजने का काम कर रही है : आदित्य साहू**

प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि कांग्रेस ने 62 साल तक देश को लूटने का काम किया था। चुनाव में गांव के गरीब और किसान की बात करती है। कांग्रेस कभी गांव, गरीब, किसान, मजदूर की चिंता करने का काम नहीं की। हमेशा धोखा देने का काम किया। वर्तमान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों को बहुत नजदीक से देखा है। गरीबी में ही पले और बढ़े हैं। गरीबी को जिया है। पिछले 10 वर्षों में देश के गरीबों, किसानों, महिलाओं की चिंता करने का काम किया। उनके विकास के लिए काम किया है। उनको सुविधा देने का काम किया है। झारखंड की वर्तमान सरकार ने राज्य को लूटने का काम किया है। राज्य को रसातल में भेजने का काम कर रही है।

**देशभर में एनडीए गठबंधन की लहर चल रही है : खीरु महतो**

राज्यसभा सांसद एवं जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो ने कहा कि झारखंड और उत्तराखंड का निर्माण एक ही साल हुआ था। यहां से संकल्प लेकर जाएं कि संजय सेठ को जिताना है और 400 के नारे को चरितार्थ करना है। देशभर में एनडीए गठबंधन की लहर चल रही है।

**झामुमो को आदिवासी मुख्यमंत्री चाहिए, पर वह घर का ही होना चाहिए : सुदेश महतो**

आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि इस प्रदेश के लिए पीएम मोदी ने जो लक्ष्य दिया है, उसे पूरा करने के लिए एनडीए का हर कार्यकर्ता लगा हुआ है। पिछले बार से बेहतर परिणाम इस बार रांची देगा, इसकी तैयारी हम सब मिलकर कर रहे हैं। यह चुनाव देश के प्रधानमंत्री चयन का है। एक तरफ पिछले 10 साल से देश के विकास में लगा एक प्रधानमंत्री है, दूसरी तरफ एक ऐसा गठबंधन है, जिसने अपना नाम बदल लिया, लेकिन मोदी जी के सामने कौन नेता होगा यह आज तक तय नहीं कर पाया है।

# आवर्तन में छात्रों द्वारा प्रस्तुत कठपुतली नृत्य से झूमा सीयूएसबी परिसर

(न्यूज़12 भारत)



गया।दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) का ओपन एयर ऑडिटोरियम सांस्कृतिक कार्यक्रम "आवर्तन" में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए मनमोहक प्रस्तुतियों से झूम उठा है ।जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में विश्वविद्यालय के हेरिटेज क्लब ने एनआईडीएम के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन किया है। इस कार्यक्रम को हेरिटेज क्लब की अध्यक्ष डॉ. अमृता श्रीवास्तव कार्यक्रम समन्वयक ने क्लब के सदस्य डॉ. सुजीत कुमार और डॉ. प्रियरंजन के सहयोग से आयोजित किया गया है इस कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुनीता सिंह ने डीएसडब्ल्यू प्रो. पवन कुमार मिश्रा की उपस्थिति में किया गया है। आयोजन की शुरुआत राष्ट्रगान से की गई, इसके पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को पौधा और शॉल देकर सम्मानित किया गया है। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने अपने संबोधन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन करने हेतु हेरीटेज क्लब की सराहना की और भविष्य में ऐसे आयोजन करते रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने फाइनल ईयर के छात्र-छात्राओं को विशेष् रूप से सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें प्रेरित किया कि वह जिस भी क्षेत्र में अपना करियर चुने उसमें पूरी मेहनत से कम करें जैसा उन्होंने इस विश्वविद्यालय में अपनी पढ़ाई के दौरान किया है।आगे बॉलीवुड हिंदी फिल्मों के गीतों को शास्त्रीय संगीत के राग पर जुगलबंदी के तौर पर प्रस्तुत किया गया जिससे विश्वविद्यालय संगीतमय हो उठा और उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए हैं। विश्वविद्यालय के छात्र - छात्राओं ने बड़ा मनमोहक कठपुतली नृत्य बड़े ही सामंजस्य के साथ प्रस्तुत किया गया है।

# नारी गुंजन प्रेरणा छात्रावास में ग्रीष्मकालीन महोत्सव का आयोजन, डीएम ने दीप प्रज्वलित कर की शुरुआत

(न्यूज़12 भारत)



गया। बोधगया स्थित नारी गुंजन प्रेरणा छात्रावास में ग्रीष्मकालीन किशोरी महोत्सव का आयोजन किया गया, इस तीन दिवसीय महोत्सव के मुख्य अतिथि के रूप में गया ज़िला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम पहुंचे, जहां नारी गुंजन प्रेरणा छात्रावास के सचिव पदमश्री सुधा वर्गीज ने पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र देकर स्वागत की गई है, मुख्य अतिथि और छात्रावास के सचिव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है, उसके बाद छात्रावास के बच्चियों ने स्वागत गान से कार्यक्रम की शुरुआत कि और एक से बढ़कर एक नृत्य और गान की प्रस्तुति दी, वहीं नारी गुंजन के सचिव सुधा वर्गीज ने बताया कि इस समर कैंप के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई के अलावा अलग-अलग एक्टिविटीज की जानकारी दी जाएगी, इसके अलावा बच्चियों को हैंड राइटिंग, स्पोकन इंग्लिश,आर्ट गैलरी के साथ-साथ एक्स्ट्रा एक्टिविटीज सिखाया जाएगा, छात्रावास के सचिव ने कहा इस छात्रावास में महादलित परिवार के एक सौ बच्चियों को निशुल्क पढ़ाई, भोजन, चिकित्सा जैसे सुविधा दी जा रही है, इस छात्रावास में वर्ग आठ तक पढ़ाई कराई जाती है और आगे की पढ़ाई दानापुर स्थित नारी गुंजन संस्थान में पढ़ाई होती है। उन्होंने आगे कहा की इस वर्ष इस छात्रावास के 19 बच्चियों ने मैट्रिक की परीक्षा दी जिसमे 15 बच्चियों ने प्रथम श्रेणी हासिल की है, जो काफी खुसी की बात है, उन सभी बच्चीयों के उज्जवल भविष्य की कामना भी किया है। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ज़िला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने बच्चियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा जिस तरह बच्चों के जीवन में शिक्षा की जरूरत है उसी तरह एक्स्ट्रा एक्टिविटीज की भी जरूरत है, जैसे कंप्यूटर क्लास की जानकारी, संगीत, यहां तक खेल प्रतियोगिता में भाग लेना भी जरूरी है,बच्चों को एक्स्ट्रा एक्टिविटीज भी सिखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यहां पर आकर मैं वास्तव में बहुत खुश हूं।

## पेज - 1 और 2 का शेषांश

**जल संरक्षण को प्राथमिकता देकर महाअभियान चलाए सरकार.....**

पहले भूगर्भ जल का उपयोग केवल पेयजल के रूप में होता था लेकिन आज बढ़ते औद्योगिकीकरण और कृषि कार्य में जिस तरह से बेतहाशा भूगर्भ जल का दोहन हो रहा है भूगर्भ जल भी अन्य खनिज पदार्थ की तरह सीमित मात्रा में ही पृथ्वी के अंदर मौजूद है जो जल हम निकाल लेते हैं यदि पुनः धरती अंदर नहीं पहुंचते हैं तो लोग बूंद बूंद पानी को तरसेंगे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी की घोषणा है कि सभी कुआं तालाब नदी आहर अतिक्रमण मुक्त कराना है लेकिन प्रशासनिक कार्यवाई शून्य है यह घोषणा मात्र कागजी बन कर रह गई है।

केंद्र और राज्य सरकार इस आने वाली भीषण संकट से देशवासियों और राज्य वासियों को बचाने के लिए पूरी गंभीरता से तत्काल कदम उठाए।

उद्योगों को भूगर्भ जल के उपयोग पर प्रतिबंध लगाना और प्रत्येक घर परिसर में सोखता बनाना तथा नलजल योजना का गुणवता ठीक करना और नित्य देखरेख आवश्यक किया जाना चाहिए है।

**अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ सहदेब बाउरी बने जीबीएम...**

सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य प्रो. अशरफ़ ने भी डॉ बाउरी को मिली इस नयी ज़िम्मेदारी हेतु हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं है। कॉलेज की पीआरओ डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने बतलाया कि डॉ सहदेब बाउरी ने गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में 20 दिसंबर, 2005 को अर्थशास्त्र विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में योगदान दिया था तथा कॉलेज के विकास में बर्सर के रूप में भी उनकी अहम भूमिका रही है।

**आपदा के समय बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर बड़ा प्रभाव....**

डॉ. राका ने यह भी बताया मानसिक तनाव से गुजरने वाले व्यक्ति को पहचानने के लिए प्रबल अवलोकन की जरूरत होती है । इसके साथ ही उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान और राष्ट्रीय मानसिक जांच एवं स्नायु विज्ञान संस्थान साथ मिलकर आपदा के समय तनाव से ग्रस्त होने वाले बच्चों और वयस्कों के मानसिक स्वास्थ्य के सुधार के लिए काम कर रही हैं।

सीसीडीआरआर सेंटर, एनआईडीएम के अनुभवी सलाहकार रंजन कुमार द्वारा आयोजित "युवाओं और किशोरों को शामिल करने और डीआरएम और सीसीए में उनकी भूमिका" पर अपने विचार रखे हैं | बाल रक्षा भारत बीआरबी की प्रतिनिधि देबाद्रिता सेनगुप्ता के नेतृत्व में एक सत्र में जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय स्थिरता और मानव स्वास्थ्य के बीच संबंध पर चर्चा की गई है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान एनआईडीएम, चाइल्ड राइट्स एंड यू क्राय और बाल रक्षा भारत की भूमिका अहम रही है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षकों को आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करना है ताकि आपदाओं और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के प्रयासों में युवाओं और किशोरों को भागीदारी को अधिक-से-अधिक सुनिश्चित किया जा सके|

**तनिष्क की पेशकश 'ग्लैमडेज़' रोज़ाना पहनने के आधुनिक....**

सोने की कीमतों में भारी वृद्धि हो रही है, अपने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए तनिष्क ने गोल्ड रेट प्रोटेक्शन प्रस्तुत किया है, जिसमें उपभोक्ता एडवांस में बुक करके, सोने की कीमतों में हो रही वृद्धि से बच सकते हैं। इन ऑफर्स का लाभ सिर्फ सीमित अवधि तक ही उठाया जा सकता है। इस रेन्ज का हर एक आभूषण आज की महिलाओं की भागदौड से भरी, व्यस्त जीवनशैली के अनुरूप बहुत ही सोच-समझकर डिजाइन किया गया है। आभूषणों की इस विशाल रेन्ज को 18 और 22 कैरेट सोने में बनाया गया है।

दुनिया भर के डिज़ाइन्स से ली गयी प्रेरणा और अनोखे टेक्निक्स का इस्तेमाल करके बनाए गए ग्लैमडेज़ के आभूषण रोज़ाना के लूक के लिए बेहतरीन और बहु उपयोगी साथी बनेंगे। पॉलिश्ड प्रोफेशनल नूक, परिवार के साथ डिनर या घर पर ही बितायी जाने वाली छुट्टी हो, आप इन आभूषणों के साथ अपना रोज़ाना स्टाइल बहुत ही आसानी से बना सकती हैं। आपके आभूषण आपकी स्वयं-अभिव्यक्ति का ज़रिया बन सकें और उनसे आपका आत्मविश्वास बढ़ सकें यह तनिष्क की प्रतिबद्धता ग्लैमडेज़ में सुस्पष्ट रूप से दिखती है। नेकलेस, इयररिंग्स,

**लोदना एरिया क्षेत्र के एमओसीपी कॉलोनी के ब्लॉक नंबर 13 में छत का ऊ....**

ब्लॉक नंबर 13 के रहने वाले राजेंद्र मल्लाह अर्जुन कहार, देवनंदन प्रसाद, नरेश बेदी, संजीवन भुइयां का कहना था कि हम लोग घर में थे अचानक जोरों की आवाज हुई बाहर निकाल कर देखें तो ऊपरी छठ का छज्जा ऊपर से होते हुए तीनों तल्ला के छज्जा को तोड़कर नीचे गिरा संजोग अच्छा था नीचे में कोई नहीं था कुछ दूर पर बच्चे लोग खेल रहे थे अफरा तफरी मच गई सब लोग इधर-उधर भागने लगे क्वार्टर में रहने वाले सभी लोग लोदना एरिया क्षेत्र में काम करते हैं उनका कहना था कि कितना बार प्रबंधन को इसकी शिकायत किया की ब्लॉक का घरों का जो छज्जा है बाहर तरफ निकला है वह काफी जर्जर है लेकिन प्रबंधन ध्यान नहीं दिया नतीजा आज या घटना हुई। मौके पर पहुंचे भाजपा नेता श्री राम गोराई ने प्रबंधन का घोर लापरवाही बताया है कहा कि इस मामले में प्रबंधन से मिलकर बात करेंगे जल्द से जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो घेराव भी करेंगे।

**पक्षियों को पानी पिलाने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई....**

कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार ने कहा पानी पिलाना पुण्य का कार्य है। पुण्य कार्य की ओर एन एस एस स्वयसेवको को ध्यान गया है। गर्मी के ऋतु में प्यास बुझाने के कार्य में तन्यमता से लगे हुए हैं। डा मधुरा केरकेट्टा ने भी सकोरे लगाकर पक्षियों को अन्न के दाने डाले। पक्षियों की सेवा इतनी गर्मी में किया जाना इंसानियत के बढ़ते कदम की ओर है। कैम्पस गतिविधि कार्यक्रम में प्राचार्य लक्ष्मी नारायण, प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति, डा अरुण कुमार रॉय महतो, कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार, डा राम प्रवेश प्रसाद सिंह, डा साजन भारती, डा मधुरा केरकेट्टा, प्रो संजय कुमार दास, मो साजिद, पुरुष और महिला स्वयं सेवकों आदि की उपस्थिति रही।